## Polity + Geo Test

**1.** राज्य की नीति के निदेशक तत्त्वों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. ये तत्त्व देश के सामाजिक-आर्थिक लोकतंत्र की व्याख्या करते हैं।
2. इन तत्त्वों में अन्तर्विष्ट उपबंध किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं हैं।

उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**2.** भारतीय संविधान में प्रतिष्ठापित राज्य की नीति के निदेशक तत्वों के अंतर्गत निम्नलिखित प्रावधानों पर विचार कीजिये-

1. भारतीय नागरिकों के लिये समान नागरिक (सिविल) सहिंता सुरक्षित करना
2. ग्राम पंचायतों को संघटित करना
3. ग्रामीण क्षेत्रों में कुटीर उद्योगों को प्रोत्साहित करना
4. सभी कर्मकारों के लिये यथोचित अवकाश तथा सांस्कृतिक अवसर सुरक्षित करना

उपर्युक्त में से कौन-से गांधीवादी सिद्धांत हैं, जो राज्य की नीति के निदेशक तत्वों में प्रतिबिंबित होते हैं?

(a) केवल 1, 2 और 4 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) 1, 2, 3 और 4

**3.** भारत के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन राज्य की नीति के निदेशक सिद्धांतों और मौलिक अधिकारों के बीच अंतर का सबसे अच्छा वर्णन करता हैं?

(a) मौलिक अधिकार सकारात्मक हैं, जबकि राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत नकारात्मक अवधारणा है।
(b) मौलिक अधिकार नैतिक और राजनीतिक रूप से मान्य हैं, जबकि राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों के पास कानूनी मान्यता होती हैं।
(c) मौलिक अधिकार व्यक्ति के कल्याण को बढ़ावा देते हैं, जबकि राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत समुदाय के कल्याण को बढ़ावा देते हैं।
(d) राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों को बिना किसी कानून की आवश्कता के स्वत: लागू किया जाता है? जबकि मौलिक अधिकारों को लागू करने के लिये कानून की आवश्यकता होती है।

**4.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 48A पर्यावरण, वन और वन्यजीवों के संरक्षण का प्रावधान करता है।
2. भारतीय संविधान अपने नागरिकों से प्राणीमात्र के प्रति दयाभाव की अपेक्षा भी रखता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**5.** मिनर्वा मिल्स मामले में 42वें संशोधन के न्यायिक पुनरावलोकन के बाद निम्नलिखित में से कौन-से नीति निदेशक तत्त्वों को अनुच्छेद 14, 19 और 21 के मौलिक अधिकारों पर अधिमान्यता प्राप्त हुई?

1. अनुच्छेद 39(क) जिसके तहत पुरुष और स्त्री सभी नागरिकों को समान रूप से जीविका के पर्याप्त साधन प्राप्त करने का अधिकार हो।
2. अनुच्छेद 39 (ख) जिसके तहत समुदाय के भौतिक संसाधनों का स्वामित्व और नियंत्रण इस प्रकार बँटा हो जिससे सामूहिक हित का सर्वोत्तम रूप से साधन हो।
3. अनुच्छेद 39(ग) जिसके तहत आर्थिक व्यवस्था इस प्रकार चले जिससे धन और उत्पादन साधनों का सर्वसाधारण के लिये अहितकारी संकेंद्रण न हो।
4. अनुच्छेद 39(घ) जिसके तहत पुरुषों और स्त्रियों दोनों का समान कार्य के लिये समान वेतन हो।

कूटः

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 2 और 4

**6.** राज्य की नीति के निदेशक तत्त्वों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से समाजवादी सिद्धांतों पर आधारित है/हैं?

1. नि:शुल्क विधिक सहायता
2. ग्राम पंचायतों का गठन
3. नागरिकों के लिये समान नागरिक संहिता

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**7.** भारतीय संविधान में शामिल 'राज्य के नीति निर्देशक तत्त्वों' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. इसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय शांति को बढ़ावा देना है।
2. इसको न्यायालय के माध्यम से लागू करवाने की व्यवस्था नहीं की गई है।
3. यह सिद्धांत देश के शासन में मूलभूत है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

**8.** राज्य की नीति के निदेशक तत्त्वों के विषय में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

(a) निदेशक तत्त्व सामाजिक न्याय के लिये निश्चित आदर्श स्थापित करते हैं।
(b) निदेशक तत्त्व भारत के संविधान के भाग-IV तक ही सीमित नहीं हैं।
(c) निदेशक तत्त्वों के समर्थन में संस्वीकृति कानूनी है।
(d) इनका लक्ष्य सामाजिक-आर्थिक न्याय के उद्देश्य को पूरा करना है।

9. राज्य की नीति के निदेशक तत्त्वों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?
(a) भारत के संविधान के भाग-IV में अंतर्विष्ट उपबंध किसी भी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं होंगे।
(b) देश के शासन में राज्य की नीति निदेशक तत्त्व मूलभूत हैं।
(c) राज्य का यह कर्त्तव्य होगा कि कानून बनाने में निदेशक तत्त्वों को लागू करे।
(d) निदेशक तत्त्व, भारत को विश्व का एक उन्नत पूंजीवादी देश बनाने के लिये निर्दिष्ट हैं।

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. मौलिक अधिकार और नीति-निदेशक तत्त्व दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं।
2. मौलिक अधिकार सरकार के लिये आदेशात्मक होते हैं, वहीं नीति-निदेशक तत्त्व केवल निर्देशात्मक होते हैं।
3. मौलिक अधिकार खास तौर पर व्यक्ति के अधिकारों को संरक्षित करते हैं, जबकि नीति-निदेशक तत्त्व पूरे समाज के हित की बात करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) उपर्युक्त सभी

11. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिये-

| **सूची-I (प्रावधान)** | **सूची-II (संविधान के अंतर्गत अनुच्छेद संख्या)** |
|---|---|
| A. विधि के सम्मुख समानता | 1. अनुच्छेद-42 |
| B. कार्य करने का अधिकार | 2. अनुच्छेद-45 |
| C. कार्य करने के लिये सही और मानवीय स्थितियाँ | 3. अनुच्छेद-14 |
| D. बच्चों के लिये मुफ्त तथा अनिवार्य शिक्षा | 4. अनुच्छेद-41 |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

12. निम्नलिखित में से कौन-सा/से मौलिक कर्त्तव्यों से संबंधित नही हैं/हैं?
1. हमारे राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन को प्रेरित करने वाले उदात्त आदशों को संजोए रखना तथा उनका अनुगमन करना।
2. अपनी सामासिक संस्कृति की समृद्ध धरोहर का सम्मान करना तथा उसे संरक्षित करना।
3. समाज के कमजोर वर्गों, विशेषत: अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के शैक्षणिक और आर्थिक हितों को बढ़ावा देना।
4. ऐतिहासिक रुचि के तथा राष्ट्रीय महत्त्व के सभी स्मारकों का संरक्षण करना।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3 और 4 (d) केवल 4

13. भारत के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा अधिकारों और कर्तव्यों के बीच सही संबंध है?
(a) अधिकार कर्त्तव्यों के साथ सह-संबंधित हैं।
(b) अधिकार व्यक्तिगत हैं अत: समाज और कर्त्तव्यों से स्वतंत्र हैं।
(c) नागरिक के व्यक्तित्व के विकास के लिये अधिकार, न कि कर्त्तव्य, महत्त्वपूर्ण हैं।
(d) राज्य के स्थायित्व के लिये कर्त्तव्य, न कि अधिकार, महत्त्वपूर्ण हैं।

14. भारतीय संविधान में वर्णित मौलिक कर्त्तव्यों के संदर्भ में निम्नलिखित पर विचार कीजिये-
1. मूल संविधान में केवल 10 मौलिक कर्तव्य थे।
2. मौलिक कर्तव्य आयरलैंड के संविधान से लिये गए हैं।
3. मौलिक कर्तव्यों में से एक भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 3
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

15. 'ऐसी प्रथाओं का त्याग करें, जो स्त्रियों के सम्मान के विरुद्ध हैं' संबंधित है-
(a) नीति निदेशक तत्त्व से (b) मूल कर्त्तव्य से
(c) मौलिक अधिकारों से (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

16. निम्नलिखित में से किसे भारतीय संविधान के 'मूल कर्तव्यों' को सूची में सम्मिलित किया गया है?
(a) बच्चों के स्वस्थ विकास के लिये अवसरों को सुरक्षित करना।
(b) सभी बच्चों को 6 वर्ष की आयु तक नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना।
(c) अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की अभिवृद्धि करना।
(d) वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद, ज्ञानार्जन और सुधार की भावना का विकास करना।

17. प्रौलिक कर्तव्यों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. भारत के मूल संविधान में मौलिक कर्तव्यों पर एक पृथक् भाग शामिल किया गया था।
2. छह से चौदह वर्ष की आयु के बच्चों को शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने का कर्तव्य 86वें संविधान संशोधन द्वारा जोड़ा गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

18. निम्नलिखित में से किसे भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्य के रूप में उल्लिखित नहीं किया गया है?
(a) सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करना।
(b) प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना।
(c) वैज्ञानिक दृष्टिकोण और ज्ञानार्जन की भावना का विकास करना।
(d) अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना।

19. निम्नलिखित में से कौन संघ की कार्यपालिका का/के अंग है/हैं?
1. भारत का राष्ट्रपति
2. भारत का प्रधानमंत्री
3. भारत का महान्यायवादी
नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-
(a) केवल 1 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

20. सुविधान के अनुसार केंद्र सरकार को निम्नलिखित में से किन कर्तव्यों का पालन करना है?
1. बाह्य आक्रमण और आंतरिक अशांति से राज्यों की रक्षा करना।
2. यह सुनिश्चित करना कि सभी राज्य सरकारें भारतीय संविधान के प्रावधानों के अनुसार संचालित हों।
नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

21. भारतीय राष्ट्रपति के सर्वसम्मति से चुने जाने का अभी तक एकमात्र उदाहरण हैं-
(a) डॉ. एस. राधाकृष्णन (b) डॉ. जाकिर हुसैन
(c) ज्ञानी जैल सिंह (d) नीलम संजीव रेड्डी

22. भारत के राष्ट्रपति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. यदि संसद के किसी भी सदन का कोई भी सदस्य राष्ट्रपति बन जाता है, तो वह 6 महीने तक की अवधि तक सदस्य बना रह सकता है।
2. भारत का राष्ट्रपति संसद द्वारा यथा निर्धारित विशेषाधिकारों को प्राप्त करने का हकदार होता है।
3. राष्ट्रपति के कार्यकाल के दौरान उनको दिये जाने वाले भत्तों में कटौती नहीं की जा सकती।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

23. निम्नलिखित पर विचार कीजिये-
1. लोकसभा के सभी सदस्य
2. राज्य विधानपरिषद के सभी सदस्य
3. राज्यसभा के सभी सदस्य
4. राज्य विधानसभा के सभी सदस्य
उपर्युक्त सदस्यों में से कौन राष्ट्रपति के निर्वाचन हेतु गठित निर्वाचक मंडल का हिस्सा हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1, 2 और 3
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

24. राष्ट्रपति की अध्यादेश जारी करने की शक्ति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. एक बार जारी किये जाने के पश्चात् अध्यादेश केवल संमद द्वारा इस संदर्भ में पारित प्रस्ताव के माध्यम से ही निरस्त किया जा सकता है।
2. राष्ट्रपति द्वारा एक अध्यादेश तब भी जारी किया जा सकता है जब संसद के सदनों में से किसी एक का सत्र चल रहा हो।
3. एक अध्यादेश संसद के किसी अधिनियम को संशोधित या निरसित कर सकता है परंतु इसे संविधान संशोधन हेतु जारी नहीं किया जा सकता है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 3
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1,2 और 3

25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. भारत का राष्ट्रपति संसद का एक अभिन्न अंग है।
2. अमेरिकी राष्ट्रपति को विधायिका (कांग्रेस) के अंग के रूप में नहीं माना जाता है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

26. राष्ट्रपति को प्राप्त 'वीटो शक्तियों' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. संविधान संशोधन से संबंधित अधिनियमों में राष्ट्रपति को वीटो शक्ति प्राप्त है।
2. राष्ट्रपति धन विधेयक को अपने पास लबित नहीं रख सकता है।
3. राष्ट्रपति का विशेषाधिकार राजनीतिक परिस्थितियों पर आधारित होता है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 2 और 3

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. भारत के राष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है जिसमें संसद के दोनों सदनों के सदस्य तथा विधानसभाओं के सदस्य सम्मिलित होते हैं।
2. भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव संसद के दोनों सदनों के चुने हुए सदस्यों से मिलकर बने निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है। हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

28. भारत के राष्ट्रपति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. भारत के संविधान के अनुसार औपचारिक रूप से संघ की कार्यपालिका शक्तियाँ राष्ट्रपति में निहित होती हैं।
2. राष्ट्रपति का निर्वाचन समानुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली और एकल संक्रमणीय मत के सिद्धांत के अनुसार होता है।
उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**29.** राष्ट्रपति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें-
1. भारत का राष्ट्रपति ब्रिटेन की महारानी की तरह केवल नाम के अधिकारों का प्रयोग करता है।
2. राष्ट्रपति का चयन जनता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से किया जाता है।
3. राष्ट्रपति संपूर्ण राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करता है लेकिन वह प्रधानमंत्री की तरह जनादेश का दावा नहीं कर सकता।
4. सारे कानून, सरकार के सभी नीतिगत फैसले एवं सभी प्रमुख नियुक्तियाँ राष्ट्रपति के नाम से ही होती हैं।
5. भारत के सभी रक्षा बलों का सुप्रीम कमांडर राष्ट्रपति हो होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सत्य हैं?
(a) केवल 1, 2 और 5 (b) केवल 1, 2 और 3
(c) 1, 3, 4 व 5 (d) उपर्युक्त सभी

**30.** भारत का राष्ट्रपति आपातकाल की उद्घोषणा-
(a) प्रधानमंत्री की सलाह पर कर सकता है।
(b) मंत्रिपरिषद की सलाह पर कर सकता है।
(c) अपने विवेक पर कर सकता है।
(d) तब कर सकता है, जब ऐसी उद्घोषणा करने के लिये संघ के मंत्रिमंडल का निर्णय उसे लिखित रूप में संसूचित किया गया हो।

**31.** राष्ट्रपति को प्राप्त वीटो शक्ति के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये-

| | वीटो | | विषय |
|---|---|---|---|
| 1. | अत्यांतिक वीटो | : | उच्च बहुमत के साथ विधायिका के जरिये अधिभावित। |
| 2. | विशेषित वीटो | : | विधेयक पर राय सुरक्षित रखना। |
| 3. | पॉकेट वीटो | : | विधायिका द्वारा पारित विधेयक पर कोई निर्णय नहीं लेना। |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित हैं/हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) केवल 3

**32.** भारत के राष्ट्रपति के पास कौन-सी वीटो शक्ति होती हैं?
(a) पूर्ण निषेध (b) निलंबित निषेध
(c) पॉकेट निषेध (d) उपर्युक्त सभी

**33.** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत राष्ट्रपति संसद के दोनों सदनों द्वारा पारित किसी बिल पर अपनी स्वीकृति रोक सकता है?
(a) अनुच्छेद 63 (b) अनुच्छेद 108
(c) अनुच्छेद 109 (d) अनुच्छेद 111

**34.** राष्ट्रपति की महाभियोग प्रक्रिया के संबंध में सही कथन का चयन करें-
(a) महाभियोग की प्रक्रिया में लोकसभा के निर्वाचित और मनोनीत सदस्य भाग लेते हैं।
(b) महाभियोग की प्रक्रिया में राज्यसभा के मनोनीत और निर्वाचित सदस्य भाग लेते हैं।
(c) इस प्रक्रिया में राज्य विधानसभाओं के निर्वाचित और मनोनीत सदस्य भाग लेते हैं।
(d) कथन (a) और (b) दोनों सही हैं।

**35.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. उपराष्ट्रपति के चुनाव के निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित और मनोनीत सदस्य शामिल होते हैं।
2. औपचारिक महाभियोग द्वारा अपनो पदावधि पूर्ण होने से पूर्व उपराष्ट्रपति को पद से हटाया जा सकता है।
3. उपराष्ट्रपति के चुनाव के संबंध में सभी संदेह और विवादों की जाँच एवं निर्णय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किये जाते हैं, जिसका निर्णय अंतिम होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) केवल 3

**36.** भारत के उपराष्ट्रपति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. संविधान के उल्लंघन के मामले में उसे पद से हटाने के लिये एक औपचारिक महाभियोग की आवश्यकता होती है।
2. राष्ट्रपति के कार्यकाल की समाप्ति के कारण उसकी पद- रिक्ति को भरने के लिये, निर्वाचन पूर्ण होने में हुई देरी के मामले में, वह राष्ट्रपति के रूप में कार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**37.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. 42वें संविधान संशोधन अधिनियम ने मंत्रिपरिषद के सुझाव को राष्ट्रपति पर बाध्यकारी बना दिया है।
2. ऐसा मंत्री, जो किसी एक सदन का सदस्य है, दूसरे सदन की कार्यवाही में भाग नहीं ले सकता।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**38.** भारत के प्रधानमंत्री के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. वह मंत्रियों के बीच विभागों का आवंटन करता है और कार्य-संचालन के संदर्भ में नियम बनाता है।
2. वह संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1, न हो 2

**39.** भारत के प्रधानमंत्री के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. किसी विधयक के अधिनियम बनने से पहले प्रधानमंत्री को उस पर हस्ताक्षर करने होते हैं।
2. प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद का सदस्य कोई ऐसा व्यक्ति भी बन सकता है, जो संसद का सदस्य न हो। उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 न ही 2

**40.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. एक व्यक्ति, जो संसद के किसी भी सदन का सदस्य न हो, को प्रधानमंत्री नियुक्त किया जा सकता है।
2. प्रधानमंत्री के त्यागपत्र या मृत्यु से लोकसभा स्वयं ही विघटित हो जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) नही 1 और न ही 2

**41.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये-

| शक्तियाँ | प्रावधान |
|---|---|
| 1. लघुकरण | - दंड के एक स्वरूप के स्थान पर अपेक्षाकृत सरल दंड देना |
| 2. विराम | - दंड की प्रकृति में परिवर्तन किये बिना उसकी अवधि कम करना |
| 3. प्रवलंबन | - दंडादेश के निष्पादन पर अस्थायी रोक लगाना |
| 4. परिहार | - किसी विशेष परिस्थिति के कारण कम दंडादेश देना |

उपर्युक्त दिये गए युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं?
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 4 (d) केवल 3 और 4

**42.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. मंत्रिमंडल राष्ट्रपति की सलाहकारी संस्था है तथा इसका परामर्श राष्ट्रपति के लिये बाध्यकारी है।
2. मंत्रिमंडल में राज्यमंत्री तथा उपमंत्री सम्मिलित नहीं होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**43.** भारत का सॉलिसिटर जनरल होता है:
(a) एक प्रशासनिक अधिकारी (b) एक न्यायिक सलाहकार
(c) प्रधानमंत्री का सलाहकार
(d) राष्ट्रपति को सलाह देने के लिये एक काननी अधिकारी

**44.** भारत के महान्यायवादी के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
1. महान्यायवादी की निष्पक्षता को बनाए रखने के लिये उसकी पदावधि संविधान द्वारा निर्धारित की गई है।
2. इसे भारतीय क्षेत्र के सभी न्यायालयों में सुनवाई करने का अधि कार है।
3. उसे संसद के दोनों सदनों की कार्यवाहियों में या उनकी संयुक्त बैठकों में भागीदारी करने का अधिकार है।
4. जब तक वह महान्यायवादी के पद पर रहता है तब तक उसे निजी विधि व्यवसाय से वंचित किया जाता है और एक बार पद से हटने के बाद वह प्रैक्टिस कर सकता है।

**कूट:**
(a) 1,2 और 3
(b) 2 और 3
(c) 2, 3 और 4
(d) 1 और 4

**45.** राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के बीच अंतर के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?
(a) राष्ट्रपति निर्वाचन के मामले से भिन्न, राज्य विधानमंडलों के सदस्य उपराष्ट्रपति निर्वाचन में निर्वाचक मंडल के सदस्य नहीं होते हैं।
(b) राष्ट्रपति निर्वाचन के मामले में चुनाव एकल संक्रमणीय मत प्रणाली के आधार पर आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली द्वारा होता है जबकि उपराष्ट्रपति निर्वाचन के मामले में ऐसा नहीं होता है।
(c) राष्ट्रपति बनने के लिये आवश्यक है कि व्यक्ति लोकसभा का सदस्य बनने के लिये अर्ह हो जबकि उपराष्ट्रपति बनने के लिये आवश्यक है कि व्यक्ति राज्यसभा का सदस्य बनने के लिये अहं हो।
(d) उपराष्ट्रपति के विरुद्ध औपचारिक तौर पर महाभियोग नहीं लगाना पड़ता।

**46.** निम्नलिखित में से कौन-सा पद संवैधानिक नहीं है?
(a) महान्यायवादी
(b) महाधिवक्ता
(c) नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
(d) सॉलिसिटर जनरल

**47.** प्रधानमंत्री के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
1. प्रधानमंत्री पद के लिये कोई प्रत्यक्ष चुनाव नहीं होता चल्कि राष्ट्रपति बहुमत वाली पार्टी या गठबंधन पार्टी द्वारा चुने गए नेता को ही प्रधानमंत्री नियुक्त करता है।
2. संविधान में प्रधानमंत्री का कार्यकाल 5 वर्ष सुनिश्चित किय गया है।
3. प्रधानमंत्री अपने मंत्रियों के चयन हेतु स्वतंत्र होता है, बशर्ते वे संसद के सदस्य होने चाहिये अन्यथा वे मंत्री नहीं बन सकते।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से असत्य है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3 (d) उपर्युक्त सभी

**48.** भारत के महान्यायवादी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कोजिये-
1. राष्ट्रपति किसी ऐसे व्यक्ति की नियुक्ति करेगा जो उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति के लिये अर्ह होगा।
2. महान्यायवादी इतना पारिश्रमिक प्राप्त करेगा जो संसद अवधारित करे।

नीचे दिये गए कूट से सही उत्तर चुनिये-
**कूट:**
(a) केवल 1 सही है (b) केवल 2 सही है
(c) 1 और 2 दोनों सही हैं (d) न तो 1 न ही 2 सही है

**49.** निम्नलिखित में से कौन राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत अपना पद धारण करता है?
(a) भारत का नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
(b) मुख्य निर्वाचन आयुक्त
(c) लोकसभा अध्यक्ष
(d) भारत का महान्यायवादी

**50.** संविधान के किस संशोधन द्वारा केंद्रीय मंत्रियों की संख्या लोकसभा के कुल सदस्यों के 15% पर सीमित कर दी गई है?
(a) 91वाँ संशोधन (b) 92वाँ संशोधन
(c) 90वाँ संशोधन (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

51. तापमान के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(a) समतापमंडल में तापमान, ऊँचाई के साथ घटता है।
(b) समतापमंडल में विभिन्न ऊँचाइयों पर तापमान नियत (एकसमान 6.5°C) रहता है।
(c) क्षोभमंडल में तापमान 6.5°C प्रति किलोमीटर की औसत दर से ऊँचाई के साथ बढ़ता है।
(d) क्षोभमंडल में तापमान 6.5°C प्रति किलोमीटर की औसत दर से ऊँचाई के साथ घटता है।

52. उत्तरी गोलार्द्ध में अल्पतम दिवस लंबाई (सबसे छोटा दिन) कब होती है?
(a) 21 मार्च को (b) 23 सितंबर को
(c) 22 नवंबर को (d) 22 दिसंबर को

53. जब ऊष्मीय किरणें पृथ्वी से परावर्तित होती हैं तो कार्बन डाइऑक्साइड, नाइट्रस ऑक्साइड जैसी गैसें उन्हें वापस अंतरिक्ष में जाने नहीं देतीं, जिसके कारण हमारा ग्रह गर्म होता है। ये गैसें क्या कहलाती हैं?
(a) उत्कृष्ट (नोबल) गैस (b) ग्रीन हाउस गैस
(c) तप्त गैस (d) नील गैस (ब्लू गैस)

54. निम्नलिखित में से किस कारण से, वायुमंडल में रुद्धोष्म तार परिवर्तन होते हैं?
(a) विक्षेप (विचलन) और अभिवहन
(b) संघनन की गुप्त ऊष्मा
(c) वायु का प्रसार और संपीडन
(d) वायुमंडल द्वारा सौर विकिरण का आंशिक अवशोषण

55. निम्नलिखित प्रश्नांश में दो कथन हैं, कथन-I और कथन-II। इन दोनों कथनों की सावधानी से परीक्षण कीजिये और नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर इन प्रश्नांशों के उत्तर चुनिये-
कथन- I : पृथ्वी को प्राप्त होने वाली समस्त ऊर्जा सूर्य से विद्युत चुंबकीय तरंगों के माध्यम से आती है।
कथन-II: पृथ्वी भी, ग्रह के ऊष्मा-बजट को बनाए रखने के लिये, समस्त प्राप्त ऊर्जा को अनेक प्रकार से वापस विकिरित करती है।

**कूटः**
(a) दोनों ही कथन अलग-अलग सत्य हैं, और कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।
(b) दोनों ही कथन अलग-अलग सत्य हैं, किंतु कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) कथन-I सत्य है, किंतु कथन-II असत्य है।
(d) कथन-I असत्य है, किंतु कथन-II सत्य है।

56. निम्नलिखित में से कौन-सा एक प्रक्रम दीर्घ तरंग विकिरण का भाग नहीं है?
(a) चालन (b) प्रकीर्णन
(c) संवहन (d) विकिरण

57. सामान्यतया पृथ्वी की सतह से ऊँचाई बढ़ने के साथ तापमान में घटोतरी होती है, क्योंकि-
1. वायुमंडल पृथ्वी की सतह से केवल ऊपर की ओर गर्म हो सकता है।
2. ऊपरी वायुमंडल में आर्द्रता अधिक होती है।
3. ऊपरी वायुमंडल में हवा कम घनी होती है।
निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिये-
(a) केवल 1 (b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. उपसौर की स्थिति में पृथ्वी को अपसौर की अपेक्षा अधिक सूर्यताप प्राप्त होता है।
2. अपसौर और उपसौर की स्थिति में सूर्यताप की भिन्नता के कारण पृथ्वी के दैनिक मौसम पर व्यापक प्रभाव पड़ता है।
उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो । और न ही 2

59. किस क्षेत्र का उच्चतम एल्बिडो होगा?
(a) ध्रुव
(b) सदाबहार वन क्षेत्र
(c) उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन क्षेत्र
(d) उपर्युक्त सभी पर समान।

60 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?
(a) दिन और रात पृथ्वी के घूर्णन का परिणाम होते हैं।
(b) ऋतुएँ पृथ्वी द्वारा अपने अक्ष पर झुंकाव के साथ सूर्य चारों के चारों ओर परिक्रमण का परिणाम होती हैं।
(c) विषुवत रेखा से ध्रुवों की ओर जाने पर तापमान में गिरावट आती है, क्योंकि प्रति इकाई क्षेत्र पर पड़ने वाली सौर ऊर्जा में भी कमी आती है।
(d) सर्वाधिक तापमान विषुवत रेखा पर, जबकि सबसे कम ध्रुवों पर दर्ज किया जाता है।

61. तापमान के व्युत्क्रमण के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?
1. ध्रुवीय क्षेत्रों में वर्ष भर तापमान के व्युत्क्रमण का होना सामान्य है।
2. धुआँ, धूलकण और प्रदूषक तत्त्व तापमान के व्युत्क्रमण के कारण वायुमंडल में ऊपर नहीं जा पाते हैं इसलिये सर्दियों में पाला, कोहरा और धुंध व्युत्क्रमण की दशाओं में अधिक बनते हैं।
3. सर्दियों की मेघ रहित लंबी रात और शांत वायु, तापमान के व्युत्क्रमण के लिये आदर्श दशाएँ हैं।

**कूटः**
(a) केवल 1 और 2 (b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3 (d) 1, 2 और 3

62. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-
1. जब सूर्य की किरणें धरातल पर तिरछी पड़ती हैं तो अधिक क्षेत्र पर फैलती हैं अतः सूर्यताप की मात्रा में वृद्धि होती है।
2. सूर्य की किरणें वायुमंडल में जितनी अधिक दूरी तय करेंगी धरातल पर उनकी तीव्रता में उतनी कमी आएगी।
उपर्युक्त कथनों में कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(d) न तो 1 और न ही 2 (c) 1 और 2 दोनों

63. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?
(a) पार्थिव विकिरण लघु तरंगों के रूप में होता है।
(b) धरातल, सूर्यताप का अच्छा अवशोषक होने के साथ अच्छा उत्सर्जक भी है।
(c) वायुमंडल पार्थिव विकिरण की अपेक्षा सौर विकिरण से अधिक गर्म होता है।
(d) वायुमंडल ऊपर से नीचे की ओर गर्म होता है।

**64.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. तापीय प्रतिलोमन के कारण वायुमंडल में स्थिरता आ जाती है और यह वायु का क्षैतिज प्रसरण रोक देता है और वर्षा के लिये प्रतिकूल दशा उत्पन्न हो जाती है।
2. जब वायुमंडल में ऊँचाई में वृद्धि के साथ तापमान में कमी होने लगती है, तब यह स्थिति तापीय प्रतिलोम कहलाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**65.** तापमान प्रतिलोमन के लिये आदर्श परिस्थितियाँ कौन-सी हैं?

1. मेघाच्छन्न आकाश
2. तेज हवाएँ
3. जाड़े की लंबी रातें
4. ठंडी शुष्क हवा

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 1 और 2
(c) केवल 2, 3 और 4 (d) केवल 3 और 4

**66.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. क्षोभ सीमा की ऊपरी परत को क्षोभसीमा कहा जाता है।
2. निचले अक्षांशों से उच्च अक्षांशों की ओर चलने वाली हवाएँ तापमान को अधिक तथा ऊँचे अक्षांश से निचले अक्षांशों की ओर आने वाली हवाएँ तापमान को कम कर देती हैं।
3. गर्म अक्षांशों से चलने वाली गर्मधाराएँ शीतोष्ण तथा शीतकटिबंधों के तटीय भागों में तापमान को औसत से अधिक कर देती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 1 और 2
(d) 1, 2 और 3

**67.** पृथ्वी पर सबसे ठंडे स्थान ध्रुवों के निकट स्थित हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा इस कथन का सबसे उपयुक्त कारण है?

(a) ध्रुव निम्न कोणीय सूर्यातप प्राप्त करते हैं क्योंकि सूर्यताप क्षितिज के ऊपर सूर्य के कोण पर निर्भर करता है।
(b) ध्रुव भूमध्य रेखा की तुलना में सूर्य से अत्यधिक दूरी पर स्थित हैं।
(c) ध्रुवों पर बर्फ की चिकनी सतह होती है और भूमध्य रेखा की तुलना में उच्च धवलता होती है।
(d) भूमध्य रेखा की तुलना में ध्रुवों पर क्षोभमंडल कम सघन होता है।

**68.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

कथन-I: ग्रीष्म ऋतु में महाद्वीपों और महासागरों के बीच तापमान विपर्यास शीत ऋतु की अपेक्षा अधिक होता है।

कथन-II: जल की विशिष्ट ऊष्मा, भूपृष्ठ की विशिष्ट ऊष्मा की अपेक्षा अधिक होती है। उपर्युक्त कथनों के बारे में, निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही है।

(a) कथन-I और कथन-II दोनों सही है तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।
(b) कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
(c) कथन I सही है किन्तु कथन-II गलत है
(d) कथन-I गलत है किन्तु कथन-II सही है

**69.** पृथ्वी की सतह पर सूर्यातप की तीव्रता की मात्रा में प्रतिदिन, हर मौसम और प्रतिवर्ष परिवर्तन होता रहता है। इसके प्रमुख कारण हैं-

1. पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना
2. सूर्य की किरणों का नति कोण
3. दिन की अवधि
4. वायुमंडल की पारदर्शिता

**कूट:**

(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4 (d) उपर्युक्त सभी

**70.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक, स्थानीय पवन है जो साइबेरिया से बाहर की ओर प्रवाहित होती है?

(a) बोरा (b) पूर्गा
(c) मिस्ट्रल (d) हिम झंझावात (ब्लिसर्ड)

**71.** वायुमंडलीय दाब को मापने के लिये, निम्नलिखित यंत्रों में से किस एक का प्रयोग किया जाता है?

(a) ऐमीटर (b) बैरोमीटर
(c) पोटेंशियो मीटर (d) लैक्टोमीटर

**72.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. विषुवत वृत्त के आसपास का निम्न दाब वाला क्षेत्र डोलड्रम होता है जहाँ सनातन पवन शांत होती है।
2. चिनूक तप्त और शुष्क पवन है जो शीतऋतु में बहती है और इस कारण अल्प समय में ताप बढ़ा देती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2

**73.** शीतऋतु के दौरान, कश्मीर क्षेत्र में होने वाले वृष्टिपात की अतिरिक्त मात्रा किसके द्वारा लाई जाती है?

(a) दक्षिण-पश्चिम मानसून द्वारा
(b) पश्चिमी विक्षोभों द्वारा
(c) पीछे हट रहे मानसून द्वारा
(d) शीतोष्ण चक्रवात द्वारा

**74.** सूची-I को सूची-II के साथ सुमेलित कीजिये और सूचियों के नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

| सूची-I (भौगोलिक लक्षण) | सूची-II (भौगोलिक प्रक्रिया का प्रकार) |
|---|---|
| A. सर्क | 1. वायु के अपरदनी लक्षण |
| B. यारडांग | 2. हिमनद के निक्षेपण लक्षण |
| C. बरखान | 3. वायु के निक्षेपण लक्षण |
| D. ड्रमलिन | 4. हिमनद के अपरदनी लक्षण |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (c) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (d) | 2 | 1 | 3 | 4 |

**75.** अश्व अक्षांश से विषुवत प्रदेश की ओर प्रवाहित स्थायी हवा को क्या कहते हैं?

(a) पछुआ हवा (b) व्यापारिक हवा
(c) डोलड्रम
(d) पुरवा हवा

**76.** निम्नलिखित धरातलीय पवनों पर विचार कीजिये-

1. डोलड्रम
2. व्यापारिक पवन
3. पश्चिमी पवन
4. ध्रुवीय पवन

निम्नलिखित में से कौन-सा भूमध्यरेखा से ध्रुव की ओर इन पवनों का आदर्शीकृत भूमंडलीय प्रतिरूप है?

(a) 1-2-3-4 (b) 1-3-2-4
(c) 2-1-4-3 (d) 3-1-2-4

**77.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

कथन- I: तूफानी चालीसा प्रबल पश्चिमी पवन हैं जो दक्षिणी गोलार्द्ध में, सामान्यत: 40° तथा 50° अक्षांश के बीच, पाए जाते हैं।

कथन-II: पूर्व से पश्चिम की ओर प्रबल वायुधाराएँ विषुवत वृत्त से दक्षिणी ध्रुव की ओर विस्थापित होने वाली वायु और पृथ्वी के घूर्णन के संयोजन तथा पवन अवरोधकों की तरह कार्य करने वाले भूखंडों के अत्यल्प होने से बनती हैं।

कूट:

(a) दोनों कथन व्यष्टित: सत्य हैं और कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।
(b) दोनों कथन व्यष्टित: सत्य हैं किंतु कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) कथन-I सत्य है, किंतु कथन-II असत्य है।
(d) कथन-I असत्य है, किंतु कथन-II सत्य है।

**78.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

कथन-I : डोलड्रम विषुवत वृत्त के पास एक अल्प दाब क्षेत्र है जहाँ सनातन पवन शांत है।

कथन-II : अल्प दाब विषुवत वृत्त पर ऊष्मा के कारण बनता है, जिससे वायु ऊपर उठती है तथा उत्तर और दक्षिण दोनों ओर चलती है।

(a) दोनों कथन व्यष्टित: सत्य हैं और कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।
(b) दोनों कथन व्यष्टित: सत्य हैं किंतु कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) कथन-I सत्य है, किंतु कथन-II असत्य है।
(d) कथन-I असत्य है, किंतु कथन-II सत्य है।

**79.** चिनूर्क क्या है?

(a) रॉकीज के पूर्वी ढालों पर बहुत गर्म और सूखी पवन
(b) टुंड्रास की प्रचंड और अत्यधिक ठंडी पवन
(c) मध्य साइबेरिया में अत्यधिक ठंडी पवन
(d) अफ्रीका के पश्चिमी तट पर रेगिस्तान की ओर से बहने वाली सूखी एवं धूल भरी पवन

**80.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. पूरे वर्ष 30° N और 60° S अक्षांशों के बीच बहने वाली हवाएँ पछुआ हवाएँ (वेस्टरलीज) कहलाती हैं।
2. भारत के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में शीतकालीन वर्षा लाने वाली आर्द्र वायु संहतियाँ (मॉइस्ट एयर मासेज) पछुआ हवाओं के भाग हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/है?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो । और न ही 2

**81.** अफ्रीकी और यूरेशियाई मरुस्थली क्षेत्र के निर्माण का/के मुख्य कारण क्या क्या-क्या हो सकता है/सकते हैं?

1. यह उपोष्ण उच्च दाब कोशिकाओं (हाई प्रेशर सेल) में अवस्थित है।
2. यह उष्ण महासागर धाराओं के प्रभाव क्षेत्र में पड़ता है

इस संदर्भ में उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**82.** पृथ्वी पर वायुदाब के वितरण के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?

(a) विषुवत वृत्त के आस-पास के क्षेत्र को विषुवतीय निम्न अवदाब क्षेत्र के नाम से जाना जाता है।
(b) 30° उत्तरी व 30° दक्षिणी अक्षांश को उपोष्ण उच्च वायुदाब क्षेत्र कहा जाता है।
(c) ध्रुवीय क्षेत्रों के निकट वायुदाब कम होता है।
(d) इनमें से कोई नहीं।

**83.** कोरिओलिस बल के संबंध में नीचे दिये गए कथनों पर विचार कीजिये-

1. कोरिओलिस बल का मान ध्रुवों पर सर्वाधिक तथा विषुवत वृत्त पर शून्य होता है।
2. कोरिओलिस बल के प्रभाव के कारण पवनें उत्तरी गोलार्द्ध में अपनी मूल दिशा के दाईं तरफ व दक्षिणी गोलार्द्ध में बाईं तरफ विक्षेपित हो जाती हैं।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/है?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो । और न ही 2

**84.** निम्नलिखित में कौन-सा सुमेलित नहीं है?

(a) ब्लैक रोलर - उत्तरी अमेरिका के विशाल मैदानों में चलने वाली गर्म एवं शुष्क हवाएँ।
(b) बोरा- एड्रियाटिक सागर के पूर्वी किनारों पर प्रवाहित होने वाली ठंडी हवाएँ।
(c) पापागायो - मेक्सिको के तट पर प्रवाहित होने वाली ठंडी हवाएँ।
(d) सांता आना- कैलिफोर्निया में चलने वाली ठंडी व आर्द्र हवाएँ।

**85.** निर्देश: आगामी प्रश्न में दो वक्तव्य हैं। एक को 'कथन (A)' तथा दूसरे को 'कारण (R)' कहा गया है। इन दोनों वक्तव्यों का सावधानीपूर्वक परीक्षण कर इस प्रश्न का उत्तर नीचे दिये हुए कूट की सहायता से चुनिये-

**कथन (A) :** भू-विक्षेपी पवन की दिशा समदाब रेखाओ के समानांतर होती है।

**कारण (R) :** धरातल के समीप भू-विक्षेपी पवन का विकास सुव्यवस्थित ढंग से होता है क्योंकि वहाँ समदाब रेखाएँ सीधी होती हैं।

कूट :

(a) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्या है।
(b) A तथा R दोनों सही हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
(c) A सही है, परंतु R गलत है।
(d) A गलत है, परंतु R सही है।

**86.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. पछुआ पवनें उत्तरी गोलार्द्ध की तुलना में दक्षिणी गोलार्द्ध में अधिक प्रचंड तथा व्यवस्थित होती हैं।
2. पछुआ पवनों का सर्वोत्तम विकास 40° से 65° दक्षिणी अक्षांशों के मध्य होता है।
3. ये पवनें गर्म अक्षांशों से ठंडे अक्षांशों की ओर बहती हैं तथा महाद्वीपों के पूर्वी तट पर वर्ष भर वर्षा करती हैं। उपर्युक्त में से कौन से कथन सही हैं?

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) इनमें से कोई नहीं।

**87.** पवनों की दिशा तथा वेग के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?

(a) वायुमंडलीय दाब में भिन्नता के कारण वायु गतिमान होती है।
(b) भूतल पर धरातलीय विषमताओं के कारण घर्षण पैदा होता है जो पवनों की गति को प्रभावित करता है।
(c) कोरिओलिस बल पवनों की दिशा को प्रभावित नहीं करता है।
(d) प्रचलित पवनें व्यापारिक, पछुआ व ध्रुवीय पवन के रूप में प्रवाहित होते हैं।

**88.** निम्नलिखित स्थानीय पवनों में से कौन सुमेलित नहीं है?

(a) ब्लिजर्ड - साइबेरिया क्षेत्र, संयुक्त राज्य अमेरिका व कनाडा में प्रवाहित।
(b) ब्रिकफिल्डर- ऑस्ट्रेलिया का विक्टोरिया प्रांत।
(c) चिनूक - संयुक्त राज्य अमेरिका के पर्वतीय क्षेत्र।
(d) मिस्ट्रल - यू.एस.ए., एवं कनाडा में रॉकी पर्वत के पूर्व ढाल पर प्रवाहित।

**89.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. विषुवत रेखा पर पृथ्वी के घूर्णन का वेग सबसे कम होता है जिसके कारण यहाँ निम्न वायुदाब होता है।
2. विषुवत रेखा पर तीव्र धरातलीय क्षैतिज पवनें चलती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सत्य है/है?**

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**90.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. दोनों गोलार्द्धों में 10° से 20° के बीच व्यापारिक हवाओं द्वारा महाद्वीपों के पश्चिमी भागों में वर्षा होती है, जबकि पूर्वी भागों में शुष्कता रहती है।
2. दोनों गोलार्द्धों में 30° अक्षांशों पर वायु के नीचे उतरने के कारण प्रति-चक्रवातीय परिस्थितियों का निर्माण होता है, फलस्वरूप वर्षा नहीं हो पाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**91.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. ध्रुवों से भूमध्यरेखा की ओर चलने पर कोरिओलिस बल पहले बढ़ता और फिर घटता है, जो कि भूमध्यरेखा पर शून्य होता है।
2. भूमध्यरेखा पर कोरियोलिस बल के शून्य होने के बावजूद पृथ्वी की पूर्णन गति के कारण चक्रवात आते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/है?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**92.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. दोनों गोलार्द्धों में 30°-35° अक्षांशों के मध्य उच्च वायुदाब पाया जाता है।
2. भूमध्यरेखा के पास अधिक तापमान के कारण निम्न वायुदान होता है तथा कर्क एवं मकर रेखाओं के पास उच्च वायुदाब मिलता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से मही है/है?

(a) केवल । (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**93.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. दक्षिणी गोलार्द्ध में पवन के बाईं ओर विचलन का कारण पृथ्वी का घूर्णन है।
2. फेरेल के नियम के अनुसार, उत्तरी गोलार्द्ध में पवन दाहिनी ओर तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में बाई ओर मुड़ जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा से सही है/है?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न ही 1 और न ही 2

**94.** 'ध्रुवीय पवनों' (Polar Winds) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. ये पवनें पछुआ पवनों से टकराकर पछुआ पवनों के ध्रुवीय वाताग्र पर शीतोष्ण कटिबंधीय चक्रवातों को जन्म देती हैं।
2. इसकी दिशा उत्तरी गोलार्द्ध में उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम तथा दक्षिणी गोलार्द्ध में दक्षिण-पूर्व से उत्तर-पश्चिम होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**95.** वायुमंडलीय संचलन और महासागरीय संचलन दोनों ही परिघटनाओं में कोरिओलिस बल एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कोरिओलिस बल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. यह पृथ्वी के घूर्णन से उत्पन्न होता है।
2. यह ध्रुवों पर सबसे अधिक होता है, जबकि भूमध्यरेखा पर अनुपस्थित होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**96.** उत्तरी गोलार्द्ध की तुलना में दक्षिणी गोलार्द्ध में चलने वाली पछुआ पवनें अधिक वेग और निरंतरता से चलती है, क्यों?

1. उत्तरी गोलार्द्ध की तुलना में दक्षिणी गोलार्द्ध में भू-भाग कम है।
2. उत्तरी गोलार्द्ध की तुलना में दक्षिणी गोलार्द्ध में कोरिओलिस बल का प्रभाव अधिक होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

**97.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. सर्दियों की मेघरहित लंबी रातें तथा शांत वायु तापमान के व्युत्क्रमण के लिये आदर्श दशाएँ हैं।
2. भूपृष्ठीय व्युत्क्रमण वायुमंडल के निचले संस्तर में स्थिरता को बढ़ावा देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो । और न ही 2

**98.** निम्नलिखित मौसमी दशाओं में से कौन-सी वायुदाब मापी (Barometer) में अचानक गिरावट को इंगित करती है?

(a) तूफानी मौसम
(b) शांत मौसम
(c) ठंडा और शुष्क मौसम
(d) गर्म और धूप वाला मौसम

**99.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये-

| **स्थानीय पवन** | **विवरण** |
|---|---|
| A. फॉन | 1. ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया प्रांत की गर्म तथा शुष्क पवन। |
| B. चिनूक | 2. यह आल्प्स पर्वत के उत्तर में बहने वाली गर्म स्थानीय पवन है जो घास को बर्फ से मुक्त करती है, मौसम को सुहाना बनाती है, इसके कारण अंगूर जल्दी पकते हैं। |
| C. मिस्ट्रल | 3. यह वेग के साथ बहती है और तापमान को हिमांक से नीचे गिरा देती है तथा फलों के उपवनों और बगीचों के लिये विनाशकारी होती है, इसलिये इसके प्रकोप से बचने के लिये साइप्रस के पेड़ों की एक मोटी पट्टी लगाई जाती है। |
| D. ब्रिक फील्डर | 4. यह रॉकी पर्वत के पूर्वी ढालों पर बहने वाली एक शुष्क स्थानीय पवन है जिसके चलते बर्फ पिघलती है, फलस्वरूप यह पशुपालन में सहायक होती है। |

कूट :

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (b) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (c) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**100.** बाह्य वायुमंडल पृथ्वी के वायुमंडल की एक परत है, यह रेडियो संचार में सहायक होती है, क्यों?

1. ओजोन परत की मौजूदगी के चलते रेडियो तरंगें पृथ्वी की ओर परावर्तित होती हैं।
2. रेडियो तरंगों की तरंगदैर्ध्य बहुत अधिक होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

❑❑❑

KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR